फर्द अहकाम
(नियम 26)
अज अदालत संभागीय आयुक्त, बीकानेर संभाग, बीकानेर

1. गुलाम नबी पुत्र जुसुफ खां जाति मुसलमान निवासी बांगड़सर तहसील कोलायत जिला बीकानेर वगैरह।

बनाम

1. जन्नत बेवा अमरू खां जाति निवासी बांगड़सर तहसील कोलायत जिला बीकानेर वगैरह।

अपील संख्या–41 / 2018
GCMS No. 2018 / 00061

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशीयल्स जज	नं० व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
28.05.2024	पत्रावली प्रस्तुत हुई। अभिभाषक अपीलांट उपस्थित। यह अपील राज. भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा–75 के अंतर्गत तहसीलदार कोलायत–1 द्वारा दर्ज इंतकाल संख्या 103 / 1 व 103 / 2 दिनांक 03.10.2012 के विरूद्ध इस न्यायालय में क्षेत्राधिकार बिन्दु पर बहस हेतु विचाराधीन है। अभिभाषक अपीलांट की क्षेत्राधिकार बिन्दु पर बहस सुनी गई। चूंकि यह अपील तहसीलदार कोलायत–1 द्वारा दर्ज इंतकाल संख्या 103 / 1 व 103 / 2 दिनांक 03.10.2012 के विरूद्ध इस न्यायालय में प्रस्तुत हुई। उक्त विवादित इंतकाल तहसीलदार कोलायत द्वारा उपायुक्त उपनिवेशन बीकानेर के रिमाण्ड आदेश दिनांक 03.07.2012 की पालना में स्वीकृत किया है, जो राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम की धारा 135(2) के अंतर्गत कन्टेस्टेड प्रकरण की श्रेणी में नहीं है। अतः अपील अपीलांट इस न्यायालय के क्षेत्राधिकार/ श्रवणाधिकार में नहीं होने के कारण इसी स्तर पर खारिज की जाती है। अपील अपीलान्ट निर्णित शुमार होकर नम्बर से कम हो। निर्णय की प्रति अपील पत्रावली में शामिल की जाकर पत्रावली सुव्यवस्थित रखी जावे। निर्णय दिनांक 28.05.2024 को खुले न्यायालय में सुनाया गया। 28/5/24. (वन्दना सिंघवी) संभागीय आयुक्त, बीकानेर	